फाइल संख्या पी-11015/1/2021-पीपीसी

भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली, 21 मई, 2021

विषय: अप्रैल 2021 माह के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की महत्वपूर्ण गतिविधियों पर मंत्रिमंडल को सारांश (संख्या - 4)।

अप्रैल 2021 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण गतिविधियों/ कार्यक्रमों की रूपरेखा नीचे दी गई है:-

1. **नोवेल कोरोना वायरस महामारी (कोविड-19) और कोविड-19 टीकाकरण अभियान के संबंध में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई।**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय कोविड-19 महामारी के दौरान, लोगों की भागीदारी के साथ जन आंदोलन जागरूकता, उचित व्यवहार परिवर्तन संचार और केंद्रीय मंत्रालयों, राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों, सोशल मीडिया आदि सहित प्रमुख हितधारकों के साथ समन्वित अभियान पर जोर देते हुए संचार और जागरूकता पैदा करने में सबसे आगे रहा है।

1.1 दूरदर्शन, आकाशवाणी और न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने **व्यापक रूप** से कोविड-19 से जुड़ी निम्नलिखित प्रमुख घटनाओं को **कवर किया**:

(i) 14.04.2021 को राज्यपालों और उप राज्यपालों के साथ **माननीय उपराष्ट्रपति और माननीय प्रधानमंत्री की बातचीत**;

(ii) **माननीय प्रधानमंत्री की दिनांक 08.04.2021 को मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत** जिसमें उनसे **टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट, कोविड उपयुक्त व्यवहार और टीकाकरण** पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया गया;

(iii) **माननीय प्रधानमंत्री का** 11 से 14 अप्रैल तक कोरोना के खिलाफ सामूहिक टीकाकरण का आह्वान, इसे **'टीका उत्सव'** के रूप में मनाया गया;

(iv) **माननीय प्रधानमंत्री की** फार्मा उद्योगों, वैक्सीन निर्माताओं, ऑक्सीजन उत्पादकों और चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ बातचीत, 20.04.2021 को राष्ट्र के नाम और 25.04.2021 को ***मन की बात के*** माध्यम से उनका संबोधन।

(v) 27.04.2021 को **अधिकार प्राप्त समूहों** (ईजी) के साथ कोविड-19 स्थिति पर **माननीय प्रधानमंत्री की** समीक्षा बैठक;

(vi) **02.04.2021 को कैबिनेट सचिव द्वारा** सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों, पुलिस महानिदेशकों और स्वास्थ्य सचिवों के साथ कोविड स्थिति की समीक्षा।

1.2 माननीय प्रधानमंत्री ने वर्तमान कोविड -19 स्थिति से निपटने के लिए किए गए उपायों का आकलन करने के लिए 27 अप्रैल, 2021 को **सभी अधिकार प्राप्त समूहों के संयोजकों के साथ** एक **समीक्षा बैठक** आयोजित की। सचिव (आई एंड बी) ने संचार गतिविधियों को मजबूत करने के लिए समूह द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी।

1.3 **अधिकार प्राप्त समूह-5 ने अप्रैल 2021 में तीन बैठकें कीं**। बैठकें मुख्य रूप से देश में कोविड-19 की दूसरी लहर के मद्देनजर संचार को मजबूत करने की रणनीतियों पर केंद्रित थीं। बैठकों में सरकार द्वारा लिए गए नवीनतम निर्णयों के प्रसार, अस्पताल के बिस्तरों और ऑक्सीजन पर वास्तविक जानकारी प्रदान करने, उपचार प्रोटोकॉल पर जागरूकता और मीडिया में फर्जी खबरों पर अंकुश लगाने पर भी चर्चा हुई। इसने देश के विभिन्न हिस्सों में सरकार और नागरिकों द्वारा किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों पर कहानियों को बढ़ावा देने और प्रसारित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

1.4 कैबिनेट सचिव ने कोविड-19 के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया पर 02.04.2021 को **सचिवों की समिति और राज्य के मुख्य सचिवों के साथ** एक **समीक्षा बैठक** आयोजित **की**। बैठक जून 2020 से देश में कोविड केस लोड में तेज उछाल के संदर्भ में आयोजित की गई थी। सचिव (आई एंड बी) ने बैठक में कोविड के उचित व्यवहार में देखी गई ढिलाई, वैक्सीन लगवाने में हिचकिचाहट और मीडिया की ओर से सूचनाओं के मानसिक बोझ से संबंधित पहलुओं का समाधान करने के लिए संचार रणनीति को बदलने की आवश्यकता पर जोर दिया।

1.5 **डीडी न्यूज, आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी) और उनकी क्षेत्रीय समाचार इकाइयों (आरएनयू)** ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की कोविड-19 पहलों का प्रसार और प्रचार किया है। **डीडी न्यूज, आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी) और उनकी क्षेत्रीय समाचार इकाइयों (आरएनयू)** ने बढ़ती मांगों से निपटने के लिए अस्पतालों में ऑक्सीजन की उपलब्धता बढ़ाने के संबंध में भारत सरकार के उपायों, राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों से तरल चिकित्सा ऑक्सीजन के लाने ले जाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से चालई गई **रेलवे स्पेशल ऑक्सीजन एक्सप्रेस** ट्रेनों के कार्यक्रमों पर फोकस किया। कोविड-19 टीकाकरण के **उदारीकृत और त्वरित चरण 3 रणनीति** के तहत 1 मई से 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों के लिए खुला टीकाकरण करने के भारत सरकार के ऐतिहासिक निर्णय, कोविड-19 टीकाकरण अभियान के पहले चरण 3 के भाग के रूप में **विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण** कार्यक्रम, भारतीय नागरिकों को दो मेड-इन इंडिया टीके के प्रबंधन का कवरेज किया। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य एडवायजरी का प्रसारण, अद्यतन स्थिति और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में टीकाकरण, लॉकडाउन/कर्फ्यू पर जमीनी रिपोर्ट, सभी बुलेटिनों और विशेष कार्यक्रमों आदि के माध्यम सेकोविड-19 के बारे में जागरूकता बढ़ाना-लक्षण, सावधानियां और टीकाकरण।

i) **डीडी न्यूज** ने कोविड-19 की दूसरी लहर के प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के साथ समाचारों का प्रसारण और प्रसार जारी रखा। **डीडी न्यूज** ने कोविड-19 महामारी के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए व्यापक अभियान, आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करने, निवारक और सुरक्षा उपायों के साथ-साथ सरकार द्वारा शुरू किए गए टीकाकरण अभियान के लिए विशेष कवरेज किया। प्रभावी सूचना प्रसार के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की कोविड संबंधित प्रेस कांफ्रेंस का डीडी न्यूज पर सीधा

प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा नागरिकों को कोविड के उचित व्यवहार का पालन करने का आह्वान करने वाले संबोधनों का सीधा प्रसारण किया जा रहा है और बाद में विशेष चर्चाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से इसे बढ़ाया जा रहा है। समाचार बुलेटिनों में, कोविड के उपयुक्त व्यवहार का अनुसरण करने वाले लोगों की ग्राउंड रिपोर्ट को बाइट्स के साथ प्रसारित किया गया था।

**अन्य पहलों में शामिल हैं**

ii) **दुनिया का सबसे बड़ा कोविड-19 टीकाकरण अभियान और टीका उत्सव - ग्राउंड रिपोर्ट** , अपडेट, चर्चा, टीका लगाए गए लोगों और टीके लगाने वाले डॉक्टर/नर्सके बाइट्स, साक्षात्कार, लाइव फोन-इन विशेष कार्यक्रम अर्थात् विशेष शो **'डॉक्टर्स स्पीक' के** 38 एपिसोड, **'आरोग्य भारत'** के 04 एपिसोड, **'कुल स्वास्थ्य'** के 04 एपिसोड, **'कोरोना जागरूकता' श्रृंखला** के 375 एपिसोड, **'मास्कअप इंडिया'** अभियान के तहत **'दवाई भी कड़ाई भी'** का संदेश, डीडीन्यूज और एनएसडी: आकाशवाणी के द्वारा एहतियात आदि के नए उद्घाटन संदेश।

iii) **एनएसडी** आकाशवाणी ने अस्पतालों में ऑक्सीजन की उपलब्धता को बढ़ावा देने, रेलवे द्वारा विशेष **'ऑक्सीजन एक्सप्रेस'** ट्रेनें चलाने, सभी 18+ नागरिकों के लिए खुले टीकाकरण चरण 3 के लिए पंजीकरण करने, **कोविड उपयुक्त व्यवहार** आदि के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों पर ध्यान केंद्रित किया।

iv) **विशेष कोविड-19 समग्र समाचार बुलेटिन; कोविड जन आंदोलन**

v) इन्फोग्राफिक्स/ वीडियो/ एक्सपर्ट स्पीक/ ऑडियो प्रोमोज/ फेकन्यूज अलर्ट/ सकारात्मक कहानियां; केंद्र/ राज्यों द्वारा उपाय; एममोएचएफ / एमएचए एडवाइजरी

1.6 महामारी से निपटने के **लिए सशस्त्र बलों द्वारा की जा रही तैयारियों की** समीक्षा के लिए रक्षा स्टाफ के प्रमुख के साथ माननीय प्रधान मंत्री की बैठक, **कुंभ मेले को प्रतीकात्मक बनाए रखने के** लिए हरिद्वार में साधू-संतों और धर्मात्माओं से उनकी अपील, **विश्व स्वास्थ्य दिवस** के अवसर पर उनका संदेश और संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के संबंधित राष्ट्रपतियों और जापान के प्रधान मंत्री के साथ कोविड स्थिति पर चर्चा करने के लिए उनकी **टेलीफोन पर हुई बातचीत** को डीडी, आकाशवाणी और एनएमडब्ल्यूपर व्यापक रूप से प्रचारित किया गया।

1.7 सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 06.04.2021 को सभी निजी टेलीविजन चैनलों के लिए कोविड-19 उचित व्यवहार और योग्य व्यक्तियों के टीकाकरण के लिए संदेशों के प्रसार के द्वारा **'दवाई भी कड़ाई भी'** के संदेश पर अधिकतम जागरुकता उत्पन्न करने के लिए उन्हें आग्रह करते हुए एक सलाह जारी की। सभी सामुदायिक रेडियो स्टेशनों (सीआरएस) से भी अनुरोध किया गया था कि वे सार्वजनिक हित में सीआरएस प्रसारण के दौरान और बीच में कोविड के उचित व्यवहार के बारे में संदेश चलाएं। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के अपना रेडियो द्वारा एक **विशेष कार्यक्रम** किया गया और 07.04.2021 को **विश्व स्वास्थ्य दिवस** के अवसर पर देश भर में बाल चित्र समिति, भारत द्वारा एक **फिल्म के** 21 शो **दिखाए** गए।

1.8 पीआईबी ने **दैनिक बुलेटिन** जारी किए, **प्रेस ब्रीफिंग** आयोजित की और इसकी **कोविड-19 फैक्ट चेक यूनिट्स** ने कोविड-19 के लिए झूठे आख्यानों और झोलाछाप उपचारों पर नियंत्रण रखा है। **कोविड के लिए सामान्य उपचार प्रोटोकॉल, ग्राफिक्स जारी किए** गए **का** क्षेत्रीय पीआईबी दवारा स्थानीय भाषाओं में अनुवाद और प्रचार किया गया और स्वास्थ्य और अन्य मंत्रालयों दवारा नियमित ब्रीफिंग, सरकार दवारा **ऑक्सीजन की आपूर्ति, दवाओं और उपकरणों के आयात** पर की गई सकारात्मक कार्रवाई को व्यापक रूप से प्रचारित किया गया। पीआईबी और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में **5701 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की हैं। अप्रैल 2021 में 583 पीआईबीके ट्वीट्स (अंग्रेज़ी) ने 27.9 मिलियन इम्प्रेशंस और 32.2 हज़ार नए फ़ॉलोअर्स अर्जित किए और 542 पीआईबीके ट्वीट्स (हिंदी) ने 2.7 मिलियन इंप्रेशन और 9.1 हज़ार नए फ़ॉलोअर्स अर्जित किए।

1.9 बीओसी ने देश भर में होर्डिंग, बैनर, पोस्टर और स्टैन्डीसके प्रदर्शन के माध्यम से एक और जागरूकता अभियान ***"सफाई-दवाई और कड़ाई: जीतेंगे कोरोना से लड़ाई"*** शुरू किया। बीओसी के फील्ड/ क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो (एफओबी/आरओबी) ने **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से कोविड-19 और टीकाकरण अभियान पर जागरूकता अभियान निम्नानुसार चलाया**:

| **फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या** | **ट्वीट्स और री-ट्वीट्स की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ)** | **व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टरों/संदेशों/वीडियो की कुल संख्या** | **इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या** |
|---|---|---|---|
| 15864 | 34976 (564881) | 58498 | 5360 |

1.10 बीओसी के आरओबी/ एफओबी ने **कोविड-19 उपयुक्त व्यवहार, टीकाकरण रोल आउट, टीकाकरण का महत्व**, सामान्य योग प्रोटोकॉल आदि जैसे मुद्दों पर अप्रैल 2021 में यात्रा प्रदर्शनी सह ऑडियो घोषणा/ जागृता रथ, **78 वेबिनार** और 94 अन्य गतिविधियों का **आयोजन किया**। पीआईबी और इसके क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों ने भी उपर्युक्त मुद्दों पर **43 वेबिनार में** सहयोग किया।

1.11 एनएमडब्ल्यू दवारा सोशल मीडिया पर कोविड टीकाकरण, कोविड पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों, कोविड प्रबंधन प्रयासों, आंकड़ों आदि के लिए **समर्पित #We4Vaccine** और **#VaccinationForAll हैशटैग** का उपयोग करके **व्यापक कवरेज** प्रदान किया गया। **154.9K** फ़ॉलोअर्स वाले **समर्पित ट्विटर हैंडल @COVIDNewsByMIB** से अप्रैल 2021 में लगभग **983 ट्वीट्स** पोस्ट किये गये, जो ट्विटर उपयोगकर्ताओं की टाइमलाइन में **35.1 लाख बार** प्रकट हुए।

## 2. आजादी का अमृत महोत्सव का स्मरणोत्सव: भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष

2.1 06.04.2021 को भारत के माननीय उपराष्ट्रपति दवारा सुशोभित **25-दिवसीय औपचारिक 'दांडी मार्च' के समापन समारोह** को डीडी, आकाशवाणी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव कवर/ स्ट्रीम किया गया था। डीडी न्यूज और डीडी इंडिया दवारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' पर न्यूज बुलेटिन, विशेष शो, पैकेज, स्टोरीज, ग्राउंड रिपोर्ट, सोशल मीडिया एंगेजमेंट आदि के माध्यम से प्रचार अभियान चलाया गया।

2.2 **श्री गुरु तेग बहादुर जी की 400वीं जयंती (प्रकाश पर्व)** मनाने के लिए माननीय प्रधान मंत्री की उच्च स्तरीय समिति की बैठक का डीडी न्यूज और एनएसडी: आकाशवाणी पर सीधा प्रसारण किया गया। श्री गुरु तेग बहादुर जी और जलियांवाला बाग हत्याकांड पर एनएमडब्ल्यू द्वारा तैयार किए गए विभिन्न ग्राफिक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए गए थे।

2.3 एनएमडब्ल्यू ने भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को उनके जयंती/पुण्य तिथि वर्षगाँठ पर हैशटैग **#HonouringIndianLegends** का उपयोग करके कवरेज प्रदान किया। फिल्म प्रभाग की तेरह (13) फिल्मों को 'India@75' के हिस्से के रूप में भारतीय दूतावास, ब्रासीलिया, ब्राजील द्वारा प्रदर्शित किया गया।

3. **भारत रत्न डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की 130वीं जयंती**

3.1 दिनांक 14.04.2021 को डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की जयंती पर माननीय राष्ट्रपति जी की शुभकामनाओं का डीडी न्यूज पर सीधा प्रसारण किया गया। एनएमडब्ल्यू द्वारा एमआईबी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विभिन्न **ग्राफिक्स** पोस्ट किए गए थे।

3.2 आईआईएमसी, अमरावती द्वारा 13.04.2021 को 'भारतीय संविधान के निर्माण में बाबासाहेबअम्बेडकर की भूमिका' पर एक **विशेष व्याख्यान** आयोजित किया गया था। फिल्म्प्रभाग ने 14.04.2021 को अपनी वेबसाइट और यूट्यूब चैनल (**1611** व्यूअरशिप) पर एक **डॉक्यूमेंट्री फिल्म** ऑनलाइन प्रदर्शित की।

3.3 जुलाई 1968 में महाराष्ट्र सरकार द्वारा निर्मित मराठी में एक दुर्लभ लघु फिल्म **'महापुरुष डॉ. अम्बेडकर'** को भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार (एनएफएआई) द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया है, जिसे सार्वजनिक उपयोग के लिए जल्द ही डिजिटाइज़ किया जाएगा।

4. **श्री** श्याम बेनेगल द्वारा निर्देशित **शेख मुजीबुर रहमान** की **जीवनी पर फीचर फिल्म 'बंगबंधु' की** शूटिंग का पहला शेड्यूल भारत में पूरा हो गया है। फिल्म का निर्माण राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड (एनएफडीसी), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार और फिल्म विकास निगम, बांग्लादेश द्वारा किया जा रहा है। दूसरा शेड्यूल सितंबर 2021 में बांग्लादेश में शुरू होगा। बायोपिक फिल्म के सह-निर्माण की घोषणा पहले दोनों देशों के माननीय प्रधानमंत्रियों द्वारा की गई थी।

5. सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने **महान फिल्म निर्माता श्री सत्यजीत रे** की **100वीं जयंती** को मनाने के लिए पूरे भारत और विदेशों में साल भर के समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। गतिविधियों की निगरानी के लिए सचिव (आई एंड बी) की अध्यक्षता में एक **कार्यान्वयन समिति का गठन** किया गया है। समिति में वरिष्ठ फिल्म निर्माता श्री धृतिमान चटर्जी को मनोनीत सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। समारोह के हिस्से के रूप में, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, अन्य बातों के साथ, भारतीय मिशनों के माध्यम से भारत और विदेशों में **सत्यजीत रे फिल्म समारोहों का आयोजन** करेगा; भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई), 2021 में एक विशेष रेट्रोस्पैक्टिव; भारतीय सिनेमा के राष्ट्रीय संग्रहालय, मुंबई में एक समर्पित सत्यजीत रे खंड का निर्माण करना; श्री रे की सभी

उपलब्ध फिल्मों और प्रचार सामग्री की बहाली और डिजिटलीकरण करना; **अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फिल्म फेस्टिवल का आयोजन** करना।

6. वर्चुअल मोड में **परीक्षा पे चर्चा 2021** के **4थे संस्करण पर** छात्रों, शिक्षकों और माता पिता के साथ माननीय प्रधानमंत्री की बातचीत का डीडी न्यूज पर सीधा प्रसारण किया गया। विशेषज्ञों और छात्रों के साथ कार्यक्रम के लाभों पर चर्चा करने के लिए एक विशेष शो किया गया। प्रतिभागियों की प्रतिक्रियाओं को बाद में समाचार बुलेटिनों और प्राइम टाइम शो में प्रसारित किया गया।

7. नीदरलैंड के प्रधानमंत्री के साथ भारत के माननीय प्रधानमंत्री का वर्चुअल **शिखर सम्मेलन** और 6ठे **रायसीना वार्ता** और **जलवायु पर लीडर्स समिट पर** उनके **वर्चुअल सम्बोधन का सीधा** प्रसारण डीडीन्यूज और एनएसडी: आकाशवाणी पर किया गया था। डीडीन्यूज ने विशेष कार्यक्रम ***'जनादेश' के*** 8 एपिसोड और ***'जनमत'*** के 2 एपिसोड के माध्यम से संतुलित विचारों के साथ चुनाव वाले राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव अभियान के सभी मुख्य आकर्षण को कवर किया और एनएसडी : आकाशवाणी ने विधानसभा चुनाव/मतगणना के क्रम में विशेष कार्यक्रम **'स्पॉटलाइट'** और **'सुर्खियों में' का** प्रसारण किया। डीडीन्यूज और डीडी इंडिया ने भी आत्मानिर्भर भारत और सेल्फ-रिलायंट इंडिया पर 29 एपिसोड, दो टूक (09 एपिसोड), स्टार्टअप चैंपियंस, रक्षक, चर्चा में आदि विशेष कार्यक्रमों का प्रसारण किया।

8. मंत्रालय ने 01.04.2021 को घोषणा की कि 51वें ***दादासाहेब फाल्के पुरस्कार 2019*** को जूरी के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से किए गए निर्णय के अनुसार महान अभिनेता ***श्री रजनीकांत*** को प्रदान किया जाएगा । **दादासाहेब फाल्के** की **151वीं जयंती** के अवसर पर, फिल्म प्रभाग ने अपनी वेबसाइट और यूट्यूब चैनल (**4577** ऑनलाइन दर्शकों की संख्या) पर उनकी पांच फिल्में स्ट्रीमिंग करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

9. बीओसी द्वारा देश भर में **'पेंविग द वे फॉर ए न्यू इंडिया' और 'यूनिफाइड टेस्टिंग फॉर बैटर सेलेक्शन'** विषय पर न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस) के अप्रैल, 2021 के पाक्षिक संस्करण का 13 भाषाओं में मुद्रण और वितरण किया गया। एनआईएस के ई-संस्करण को माईगॉव इंडिया के ई-संपर्क प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए ई मेल द्वारा 65.5 मिलियन पाठकों को भेजा गया था।

10. फिल्म प्रभाग ने अपनी वेबसाइट और यूटयूब चैनल पर **16 फिल्मों की स्ट्रीमिंग** करके 18 और 19 अप्रैल, 2021 को **'विश्व विरासत दिवस'** का आयोजन किया, जिसमें **23354** ऑनलाइन दर्शकों की संख्या दर्ज की गई। विभिन्न मंत्रालयों/ फिल्म संस्थानों/ संगठनों/ प्रतिष्ठानों/ कॉलेजों ने अपनी वेबसाइटों पर इन फिल्मों की स्ट्रीमिंग करके इसमें सहयोग दिया।

11. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहलें**

- आईआईएमसी ने **भारत में मीडिया शिक्षा की 100वीं जयंती का आयोजन** करने के लिए **अप्रैल-जून, 2021 को कम्यूनिकेटर और माध्यम जर्नल** के विशेष अंक में प्रकाशन के लिए प्रख्यात मीडिया पेशेवरों, कम्यूनिकेटरों, शिक्षाविदों से शोध पत्र मांगा है।

- **चैनल लाइसेंसिंग -** मंत्रालय ने माह के दौरान एक गैर-समाचार टीवी चैनल को अनुमति जारी की। भारत में अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए प्राइवेट सेटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **दिनांक 30.04.2021** तक की स्थिति के अनुसार **901** है।

- **एमआईबी सोशल मीडिया प्लेटफार्मः** दिनांक 03.05.2021 तक की स्थिति के अनुसार, एमआईबी के आधिकारिक अंग्रेजी ट्विटर हैंटल **@एमआईबी_इंडिया के 1.3 मिलियन फॉलोअर्स**, एमआईबी हिंदी ट्विटर हैंडल **@एमआईबी, हिंदी के 68.8 हजार फॉलोअर्स,** फेसबुक पेज के **1.36 मिलियन फॉलोअर्स,** यूटयूब के **173 हजार सब्सक्राइबर्ज** और इंस्टाग्राम के **179 हजार फॉलोअर्स** है।

12. **शोक सदेंशः** सूचना और प्रसारण मंत्रालय चार वरिष्ठ आईआईएस अधिकारियों श्री नरेन्द्र कौशल (एडीजी, पीआईबी), श्री मणिकांत ठाकुर (मीडिया प्रमुख, स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्रालय), श्री पुष्पावंत शर्मा (एपीआर, आरएनआई) और श्री संजय कुमार (उप निदेशक, पीआईबी) की मृत्यु पर शोक व्यक्त करता जो माह के दौरान कोविड-19 से जंग हार गए थे। इन अधिकारियों को उनकी व्यावसायिक क्षमता और लोक सेवाओं के प्रति समर्पण के लिए याद किया जाएगा।

**(विक्रम सहाय)**
**संयुक्त सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाषः 23073775**